प्रारूप- 10
(नियम-6(7)देखिए)

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (नगरपरिषद चूरू)

क्रमांक 101696 दिनांक 18.07.2024

**लोक सूचना**

आवेदकगण श्री नवरतन शर्मा एचयुएफ द्वारा कर्ता श्री नवरनत शर्मा पुत्र श्री मूरलीधर व श्रीमती रमा नोवाल पत्नी श्री नवरतन नोवाल निवासी चूरू द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि से गैर -कृषिक (पर्यटन नीति 2015 के अन्तर्ग रिसोर्ट) प्रयोजनार्थ रूपान्तरण करवाये जाने हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघुति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| चूरू | खासोली | 845/15, 1535/1243, 1501/1416, 1417 1259, 1502/1416, 1534/1243, 1560//844 | 22597 वर्ग मीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा-90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने में और अभिधृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेज के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक 13.07.2024 को जारी की गयी है।

**प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त, नगरपरिषद,चूरू**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वाधीनता दिवस

**झुंझुनूं,।** स्वाधीनता दिवस का जिला स्तरीय समारोह गुरूवार को सुबह 9 बजे स्वर्ण जयंती स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.45 बजे शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय धुन एवं गार्ड ऑफ ऑनर, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मार्च-पास्ट एवं सलामी, सामुहिक व्यायाम, महामहिम राज्यपाल के संदेश का वाचन, शहीद सैनिकों के आश्रितों का सम्मान, प्रशस्ति पत्रा एवं पारितोषिक वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रगान एवं विसर्जन किया जाएगा। जिले के सभी सरकारी भवनों व शिक्षण संस्थाओं के भवनों पर संबंधित विभागाध्यक्ष एवं कार्यालाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में 15 अगस्त को सुबह 8 बजे से 8.15 बजे के मध्य अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ ध्वजारोहण करेंगे।

# कार्यालय पंचायत समिति, रतनगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- 2473 दिनांक 14.08.2024

## आमजन से अपील

- हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर अपने घर पर तिरंगा फहराकर आजादी के जश्न में शामिल होवे।
- जल शक्ति अभियान के तहत बरसाती पीन को व्यर्थ न बहने दें, बूंद-बूंद एकत्रित करे।
- अपनी ग्राम पंचायत, गांव, मोहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर डालें।
- खुले में शौच नहीं करे, शौचालयों का निर्माण करवाए एवं उनका उपयोग करें, स्वच्छता अपनाएं।
- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए एवं पर्यावरण संरक्षण बनाये रखे।
- जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- ग्राम पंचायत की बैठक में भाग लेकर ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग प्रदान करें।
- महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस का रोजगार हक से पायें।

**मोहनी देवी खीचड़**
**प्रधान**
**पंचायत समिति,रतनगढ़**

**जगदीश प्रसाद व्यास**
**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति,रतनगढ़**

# कार्यालय पंचायत समिति, झुंझुनूं जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

क्रमांक :-4025 दिनांक 13.08.2024

## जनहित में अपील

प्रकृति का ना करें हरण, आओ बचाये पर्यावरण




पर्यावरण की रक्षा मानवता की सुरक्षा।

**आओ संकल्प ले कि इस वर्षा ऋतु में प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए।**

- प्रत्येक व्यक्ति संकल्प लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगायें।
- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।
- अपने घरों में गार्डन विकसित करें व छायादार वृक्ष लगायें।
- घरों में उपयोग लिये गये पानी को पेड़-पौधों में डालने की व्यवस्था करें।
- बरसाती पानी का उचित प्रबंधन करें। पॉलीथीन का उपयोग न करे।
- प्रदुषण मुक्त आवागमन के साधनों का उपयोग करें।
- कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें एवं स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें।
- खुले में शौच ना करे, शौचालय बनवाऐं तथा उनका उपयोग करें।
- सार्वजनिक एवं निजी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।



**पेड़ हमें फल, छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है।**



**पुष्पा चाहर**
**प्रधान**
**पंचायत समिति,झुंझुनूं**

**ममता चौधरी**
**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति,झुंझुनूं**

# कार्यालय पंचायत समिति सुजानगढ़, (चूरू)

क्रमांक :-पससु/2024/1804 दिनांक :-14.08.2024

## आम जनता से अपील

- **घर-घर शौचालय का निर्माण करे और खुले में शौच नहीं जाएं, स्वच्छता का ध्यान रखें।**
- **स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए अपने गांव, मौहल्ले को साफ-सुथरा रखे।**
- **सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग आदि) के तहत पात्र व्यक्ति ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करें तथा पेंशनधारी व्यक्ति अपने-अपने जन-आधार कार्ड में फीडिंग कराएं।**
- **ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों, आम रास्तों, गुवाडों, सरकारी भूमि पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण नहीं करे।**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत लाभार्थी समयबद्ध रूप से नियमानुसार आवास का निर्माण कर आगामी किश्तें प्राप्त करें।**
- **महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस का रोजगार प्राप्त करने हेतु आवेदन करें।**

पौधरोपण करने से पहले गड्ढे की और बाद में पौधरोपण की फोटो जिओट्री एप पर अपलोड करे।

**मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर अधिकाधिक पौधे लगाए।**

पेड़-पौधे है ऑक्सीजन प्राण वायु के विपुल भंडार प्रत्येक जीव, प्राणी मात्र का जीवन आधार











**मनभरी देवी मेघवाल**
**प्रधान**
**पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

**जगदीश प्रसाद व्यास**
**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

**बेदखली सूचना**

मैं भालाराम उम्र 55 साल पुत्र हरपत्तराम एवं सिलोचना देवी उम्र 52 साल पत्नी हरपतराम जाति मेघवाल निवासी मिठ्ठी बलवन्त सिंह तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) के हैं,जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते हैं कि- 1. यह कि हमारा पुत्र विजेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी रेणु हमारे कहे अनुसार नहीं चलते हैं। आवारा व बदमास प्रवृती के लोगो की संगत में रहते है, हमारे बिना बताये हमारे व हमारे परिवार के नाम से रूपये व सामान ले लेते हैं और उनके द्वारा वापिस मांगने पर झगड़ा फसाद करते हैं। तथा हमारे द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। हमें हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी से जान माल का खतरा है। इस कारण हमने आज दिनांक 14.08.2024 को हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारे उक्त पुत्र व उसकी के पत्नी का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं रहा है। हमने हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। हम शेष सभी सदस्य हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी से अलग परिवार बनाकर रहने लग गये हैं। आज के बाद हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार वह स्वंय होंगे, हमारे घर व परिवार से इनका कोई लेना-देना नहीं रहा है। आज से हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी को घर से अलग कर दिया है। हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने, मुदकमा, दावा आदि करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। हम सर्व साधारण को सूचित करते हैं। सूचित रहे।

शपथग्रहिता
भालाराम पुत्र हरपत्तराम एवं सिलोचना देवी पत्नी हरपतराम जाति मेघवाल निवासी मिठ्ठी बलवन्त सिंह तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)


# बुहाना में सरकारी कॉलेज की बिल्डिंग का उद्घाटन

**बुहाना,** । उपखंड मुख्यालय के सरकारी कॉलेज की नई बिल्डिंग का बुधवार को सीएम भजनलाल ने वर्चुअल उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर से रिमोट दबाकर उद्घाटन करते हुए सौगात दी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित भी किया गया। सीएम ने प्रदेश के 50 कॉलेज और 9 कॉलेज में कक्षा कक्षों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसमें बुहाना का सरकारी कॉलेज का भवन भी शामिल है। सरकारी कॉलेज के नए भवन के लोकार्पण को लेकर एलईडी पर लाइव प्रसारण किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद संतोष अहलावत, बुहाना प्रधान हरिकृष्ण यादव, पूर्व प्रधान कविता यादव, एसडीएम हेमंत कुमार, डीएसपी नोपाराम भाकर, तहसीलदार धीरेंद्र, सीआई कस्तूर वर्मा मौजूद रहे। सरकारी कॉलेज में आयोजित समारोह में पूर्व सांसद अहलावत ने कहा कि बुहाना में छात्र और छात्राओं को कॉलेज भवन मिलने के बाद अब उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी नहीं होगी।

# नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का लिया जायजा

**सीकर** । शहर के बजाज सर्किल पर नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का आज सीकर एडीएम शहर हेमराज परिडवाल व नगर परिषद सभापति जीवन खा ने औपचारिक रूप से जायजा लिया और नवनिर्मित भवन की व्यवस्थाओं को लेकर नगर परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा शहर में सबसे व्यस्ततम इलाके बजाज सर्किल पर पत्रकारों के लिए भवन निर्माण करना अपने आपमें एक सराहनीय कार्य है। नवनिर्मित भवन में पत्रकार सामूहिक रूप से बैठकर अपने हितों के बारे में चर्चा कर सकेंगे और अपने कार्यों को भी बखूबी से निभा पायेंगे।

# बाबा गंगाराम जयंती मेला एवं झूलनोत्सव आज

**झुंझुनूं,**। बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर में गुरुवार को श्री बाबा गंगाराम का पावन जयंती मेला धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। महोत्सव में सम्मलित होने के लिए देश के विभिन्न भागों से प्रवासी भक्तगण भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिजन भी पधारेंगे। महोत्सव के तहत शाम 4 बजे से श्री पंचदेव मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या होगी। जिसमें कोलकाता के लोकप्रिय कलाकार सौरभ मधुकर, नवीन जोशी एवं करिश्मा चावला संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्रावण मास के अनुरूप रंग-बिरंगे फूलों के साथ झूले की झांकी सजाई गई है। इस बार सफेद संगमरमर से नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। जहां रोशनी की विशेष सजावट की गई है। कोलकाता के कारीगरों द्वारा दरबार में फूलों की सजावट की गई है। मथुरा की धार्मिक स्वचालित झांकियां भी सजाई गई हैं। मेले का प्रारंभ सुबह 4 बजे महामंगला आरती से होगा। जिसके बाद सुबह 8 बजे से विश्व शांति के लिए सामूहिक संगीतमय बाबा गंगाराम अमृतवाणी पाठ ट्रस्टी श्रद्धेय अनिल मोदी के सानिध्य में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष भाग लेंगे एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मेलूसर**
**पंचायत समिति, रतनगढ़**

क्रमांकः-निर्माण/आ.र.डी./ई-निविदा/2024-25/002 दिनांक 13.08.2024

**ऑन लाईन निविदा सूचना 06/2024-25**

ग्राम पंचायत मेलूसर में वर्ष 2024-25 के लिय महात्मा गांधी नरेगा योजना के लिये निर्माण सामग्री क्रय की जानी है। सामग्री विक्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनर शिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1950 के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है।

| S. NO | NIB NO | UBN NO | निविदा अपलोड प्रारंभ होने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | PDL2425 A0021 | PDL2425 GLOB00020 | 16.08.2024 |

निविदा से संबंधित ग्राम पंचायत वार अनुमानित लागत, अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मेलूसर, पंचायत समिति, रतनगढ़ — सुनिता, सरपंच, ग्राम पंचायत मेलूसर, पंचायत समिति, रतनगढ़



**कार्यालय नगरपरिषद, हनुमानगढ़, (राजस्थान)**

क्रमांक :- नपह/म.भूमि/2024/3708 दिनांक :- 13.08.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में श्री अटल कुमार सेतिया पुत्र श्री मदन लाल सेतिया जाति अरोड़ा निवासी दुर्गा कॉलोनी, हनुमानगढ़ जंक्शन ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर चक नं. 50 एन जी सी तहसील हनुमानगढ़ के पत्थर नं. 123/255 किला नं. 25 साईज 960 वर्गमीटर यानि 1147.73 वर्ग गज भूमि का भू-प्रयोग पेट्रोल पम्प से सामान्य वाणिज्यिक करवाना चाहा है।

प्रार्थी के नाम से चक नं. 50 एन जी सी तहसील हनुमानगढ़ के पत्थर नं. 123/255 किला नं. 25 साईज 960 वर्गमीटर यानि 1147.73 वर्गगज भूमि जो कि पूर्व में उक्त भूमि वाणिज्यिक में रूपान्तरण करवाकर पट्टा विलेख जारी करवाया हुआ था। नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा जरिये पत्रांक 3035 दिनांक 17.07.2019 को वाणिज्यिक भूमि पर पेट्रोल पम्प लगाने की स्वीकृति दी गई थी। उपरोक्त पेट्रोल पम्प संचालन/खोलने की एन ओ सी प्रमाण पत्र श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के पत्रांक 24478 दिनांक 14.10.2010 द्वारा जारी की गई। उपरोक्त पेट्रोल पम्प पर डीजल एवं पेट्रोल की सैल न होने के कारण नायरा कम्पनी द्वारा उपरोक्त पेट्रोल पम्प को निरस्त कर दिया है। उपरोक्त पेट्रोल पम्प निरस्त करने की एन ओ सी प्रमाण पत्र श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, हनुमानगढ़ के पत्रांक 7749 दिनांक 20.06.2023 द्वारा जारी की गई थी, जो प्रार्थी को प्राप्त हो चूकि है। प्रार्थी उपरोक्त पेट्रोल पम्प से सामान्य वाणिज्यिक भू-परिवर्तन करवाना चाहता है।

उक्त पेट्रोल पम्प से सामान्य वाणिज्यिक भू-परिवर्तन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 15 दिवस में इस कार्यालय को सूचित करे, बाद गुजरने मियाद आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार पेट्रोल पम्प से सामान्य वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**आयुक्त, नगरपरिषद हनुमानगढ़**



**कार्यालय ग्राम पंचायत मेलूसर**
**पंचायत समिति, रतनगढ़**

क्रमांकः-निर्माण/आ.र.डी./ई-निविदा/2024-25/003 दिनांक 13.08.2024

**ऑन लाईन निविदा सूचना 05/2024-25**

ग्राम पंचायत मेलूसर में वर्ष 2024-25 के लिये ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री क्रय की जानी है। सामग्री विक्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनर शिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1950 के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है।

| S. NO | NIB NO | UBN NO | निविदा अपलोड प्रारंभ होने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | PDL2425 A0020 | PDL2425 GLOB00019 | 16.08.2024 |

निविदा से संबंधित ग्राम पंचायत वार अनुमानित लागत, अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मेलूसर, पंचायत समिति, रतनगढ़ — सुनिता, सरपंच, ग्राम पंचायत मेलूसर, पंचायत समिति, रतनगढ़




**कार्यालय नगरपालिका मुकुन्दगढ**

**आम जनता से अपील**

- सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें।
- अपने वार्ड, मोहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाएं रखें।
- साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर डालें।
- खुले में शौच नही करे, शौचालय का निर्माण करवायें।
- पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाये।
- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नही करे।
- समय समय पर नगरीय विकास कर जमां करावें।
- प्रदुषण मुक्त यातायात साधनों का उपयोग करें
- जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करावें।
- शिक्षा से वंचित सभी बालक–बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन करवाये एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान को बढावा दें
- बाल विवाह सामातिक अपराध है इसे रोके।
- परियार नियोजन अपनावें
- घर घर तिरंगा फहरावें व राष्ट्रीय प्रतिकों का सम्मान करें
- स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का सम्मान करें

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मुकुन्दगढ़

राज.संवाद/सी/24/3790



**कार्यालय पंचायत समिति**
**नवलगढ़, जिला झुंझुनूं**

क्रमांक :-227/2024 दिनांक 14.08.2024

**जनहित में अपील**

प्रकृति का ना करें हरण आओ बचाये पर्यावरण

पर्यावरण की रक्षा मानवता की सुरक्षा।

आओ संकल्प ले कि इस वर्षा ऋतु में प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए।

- प्रत्येक व्यक्ति संकल्प लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगायें।
- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।
- अपने घरों में गार्डन विकसित करें व छायादार वृक्ष लगायें।
- घरों में उपयोग लिये गये पानी को पेड़-पौधों में डालने की व्यवस्था करें।
- बरसाती पानी का उचित प्रबंधन करें। पॉलीथीन का उपयोग न करे।
- प्रदुषण मुक्त आवागमन के साधनों का उपयोग करें।
- कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें एवं स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें।
- खुले में शौच ना करे, शौचालय बनवाऐं तथा उनका उपयोग करें।
- सार्वजनिक एवं निजी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।

पेड़ हमें फल, छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है।

**दिनेश सुंडा**
प्रधान, पंचायत समिति नवलगढ़
प्रदेश अध्यक्ष
प्रधान संघ (राजस्थान)

विकास अधिकारी
पंचायत समिति
नवलगढ़

